हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022

## हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

**कक्षा-चौथी**

### संकेत

- स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान
- संयुक्त व्यंजन
- मात्राओं की पहचान
- 'र' के विविध रूप
- शुद्ध शब्द
- संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण शब्दों की पहचान व भेद
- समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द
- तुकांत शब्द-लड़ी
- एक से तीस तक गिनती का सही क्रम
- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
- बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान
- भारत के धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों के नाम।

**कृपया, ध्यान दें:** इस प्रश्न-पत्रिका में दी गई सहायक सामग्री संकेत मात्र एवं अभ्यास के लिए है। अत: प्रतियोगी को रटवाने की अपेक्षा समझाने का प्रयास करें।

1. **स्वर**

जिन वर्णों का उच्चारण अन्य ध्वनियों की सहायता के बिना हो, उन्हें स्वर कहते हैं।

**अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ**

**अयोगवाह– अं अः**

2. **व्यंजन**

व्यंजन वे वर्ण हैं, जो स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं। नीचे स्वरयुक्त व्यंजन दिए गए हैं–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क** | **ख** | **ग** | **घ** | **ङ** | | |
| **च** | **छ** | **ज** | **झ** | **ञ** | | |
| **ट** | **ठ** | **ड** | **ढ** | **ण** | **ड़** | **ढ़** |
| **त** | **थ** | **द** | **ध** | **न** | | |
| **प** | **फ** | **ब** | **भ** | **म** | | |
| **य** | **र** | **ल** | **व** | **श** | | |
| | **ष** | **स** | **ह** | | | |

(क) आगत स्वर – **ऑ**

(ख) नुकता वाले आगत व्यंजन – **ज़, फ़**

(ग) संयुक्त व्यंजन–दो व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन **संयुक्त व्यंजन** कहलाते हैं। जैसेः– क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये चार संयुक्त व्यंजन हैं।

क् + ष = क्ष – कक्ष, दक्ष

त् + र = त्र – नेत्र, छात्र

ज् + ञ = ज्ञ – यज्ञ, सर्वज्ञ

श् + र = श्र – परिश्रम, आश्रम

## 3. 'र' के विविध रूप

- रेफ़ (जैसे: पर्व)
- पाई वाले व्यंजनों के साथ (जैसे: क्रम)
- बिना पाई वाले व्यंजनों के साथ (जैसे: राष्ट्र)

## 4. र और ऋ की मात्राओं में अंतर

- क् + ऋ = कृ, कृपा, कृष्ण
- क् + र = क्र, क्रय, विक्रय

## 5. स्वरों की मात्राएँ

| स्वर | मात्रा | व्यंजन के साथ स्वर की मात्राओं का मेल | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| अ | (कोई मात्रा नहीं) | क् + अ = क | कलम, कमल |
| आ | ( ा ) | क् + आ = का | काम, काका |
| इ | ( ि ) | क् + इ = कि | किताब, किधर |
| ई | ( ी ) | क् + ई = की | कील, कीमत |
| उ | ( ु ) | क् + उ = कु | कुल, कुत्ता |
| ऊ | ( ू ) | क् + ऊ = कू | कूल, कूकना |
| ऋ | ( ृ ) | क् + ऋ = कृ | कृत, कृपा |
| ए | ( े ) | क् + ए = के | केला, केरल |
| ऐ | ( ै ) | क् + ऐ = कै | कैसा, कैलाश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओ | ( ो ) | क् + ओ = को | कोट, कोमल |
| औ | ( ौ ) | क् + औ = कौ | कौन, कौआ |
| अं | ( ं ) | क् + अं = कं | कंठ, कंकड़ |
| अः | ( : ) | त् + अः = तः | अतः, स्वतः |
| ऑ | ( ॅ ) | क् + ऑ = कॉ | कॉलम, कॉपी |

## 6. शुद्ध-वर्तनी

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** | **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|---|---|
| नोकरी | नौकरी | यानि | यानी |
| रुखा | रूखा | चिन्ह | चिह्न |
| अवश्यकता | आवश्यकता | आर्शिवाद | आशीर्वाद |
| वधु | वधू | पितांबर | पीतांबर |
| वेषभूषा | वेशभूषा | इमानदारी | ईमानदारी |
| उनंचास | उनचास | श्रृगांर | श्रृंगार |
| स्थाई | स्थायी | साधू | साधु |

## 7. पर्यायवाची

किसी शब्द का समान अर्थ देने वाले शब्द को **पर्यायवाची शब्द** कहते हैं। जैसेः–

| **शब्द** | **पर्यायवाची** |
|---|---|
| चंद्रमा | शशि, राकेश, मयंक |
| धरती | भूमि, भू, धरा |

| | |
|---|---|
| अग्नि | अनल, पावक, आग |
| पानी | नीर, वारि, जल |
| आकाश | गगन, अंबर, नभ |
| घर | गृह, सदन, भवन |
| पुत्र | बेटा, लड़का, सुत |
| बादल | मेघ, घन, जलधर |
| मानव | मनुष्य, मानुष, नर, आदमी |
| स्त्री | नारी, औरत, महिला |
| फूल | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| दिन | दिवा, दिवस, वार |
| माँ | अम्मा, माता, जननी |
| समुद्र | सिंधु, सागर, जलधि |
| भौंरा | भ्रमर, भृंग, मधुकर |
| जंगल | वन, कानन, अरण्य |
| वृक्ष | तरु, पादप, विटप |
| नदी | सरिता, सलिला, निर्झरिणी |

## 8. विलोम

जो शब्द एक–दूसरे का विपरीत अर्थ देते हैं, उन्हें विलोम या विपरीत शब्द कहते हैं। जैसे–

| **शब्द** | **विलोम** | **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|---|---|
| रात | दिन | कायर | वीर |
| धरती | आकाश | अपना | पराया |
| सच | झूठ | दूर | पास |
| अमीर | गरीब | शाकाहारी | मांसाहारी |
| दुख | सुख | शांत | अशांत |
| आदि | अंत | अंदर | बाहर |
| चतुर | मूर्ख | सरल | कठिन |
| ठंडा | गरम | देव | दानव |
| ईमानदार | बेईमान | दुर्बल | सबल |
| ऊपर | नीचे | प्राचीन | नवीन |

## 9. तुकांत शब्द–लड़ी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दाल | डाल | बाल | जाल | गाल |
| धरा | हरा | डरा | मरा | भरा |
| काला | जाला | ताला | नाला | माला |

## 10. हिंदी में एक से तीस तक गिनती

| | | |
|---|---|---|
| 1 एक | 11 ग्यारह | 21 इक्कीस |
| 2 दो | 12 बारह | 22 बाईस |
| 3 तीन | 13 तेरह | 23 तेईस |

| | | |
|---|---|---|
| 4 चार | 14 चौदह | 24 चौबीस |
| 5 पाँच | 15 पंद्रह | 25 पच्चीस |
| 6 छह | 16 सोलह | 26 छब्बीस |
| 7 सात | 17 सत्रह | 27 सत्ताईस |
| 8 आठ | 18 अठारह | 28 अट्ठाईस |
| 9 नौ | 19 उन्नीस | 29 उनतीस |
| 10 दस | 20 बीस | 30 तीस |

## 11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

| **अनेक शब्द (वाक्यांश)** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| जो ईश्वर को मानता हो | – | आस्तिक |
| जो ईश्वर का न मानता हो | – | नास्तिक |
| जो पढ़ा लिखा न हो | – | निरक्षर |
| जिसका अंत न हो | – | अनंत |
| मीठा बोलने वाला | – | मृदुभाषी |
| दूसरों पर उपकार करने वाला | – | परोपकारी |
| जो अपने देश का हो | – | स्वदेशी |
| जिसकी तुलना न हो | – | अतुलनीय |
| जो बिना वेतन के काम करता हो | – | अवैतनिक |
| जिसके माता-पिता न हो | – | अनाथ |
| जो जल में रहता हो | – | जलचर |
| जो बीमार का इलाज करता हो | – | चिकित्सक |
| जहाँ बीमार का इलाज होता है | – | चिकित्सालय |

## 12. श, ष, स व्यंजनों से बने शब्द-

| | | |
|---|---|---|
| 1. शंख | षडयंत्र | संकट |
| 2. शक्ति | विशेष | संगीत |
| 3. शरारत | अवशेष | सपेरा |
| 4. शत्रु | शेष | संगत |
| 5. शनि | पुरुष | सच्चे |
| 6. शब्द | षटकोण | सड़क |
| 7. शरीर | षष्ठी | संदेश |
| 8. शरण | पीयूष | संज्ञा |
| 9. शहर | निमेष | सच |
| 10. शहद | मेष | सबका |

## 13. सप्ताह के दिनों के नाम-

| | |
|---|---|
| रविवार | सोमवार |
| मंगलवार | बुधवार |
| बृहस्पतिवार | शुक्रवार |
| शनिवार | |

## 14. भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की जानकारी

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में समान अनुपात में तीन क्षैतिज पट्टियाँ हैं:- गहरा केसरिया रंग सबसे ऊपर, सफ़ेद बीच में और हरा रंग सबसे नीचे है। ध्वज की लंबाई-चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। सफ़ेद पट्टी के बीच में नीले रंग

का चक्र है। शीर्ष में गहरा केसरिया रंग देश की वीरता और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफ़ेद पट्टी धर्म-चक्र के साथ शांति और सत्य का संकेत है। हरा रंग देश के शुभ, विकास और उर्वरता को दर्शाता है।

## 15. बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) वाले शब्द

कुछ उदाहरण :- ( ं ) **बिंदु**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गंगा | चंचल | झंडा | गंदा |
| कंपन | पंक्ति | जिंदा | पतंग |
| बंद | बंधन | अंदाजा | रंगीन |
| नंद | अतरंग | अंकित | फेंकना |
| संत | ठंडी | आशंका | अंतिम |
| संस्था | कंठ | शंख | पसंद |

**( ँ ) चंद्रबिंदु**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आँख | माँ | गाँव | हँस |
| मुँह | कुआँ | चाँद | काँच |
| भाँति | बाँट | अँधेर | फूँकना |
| पहुँच | ऊँचाई | पाँच | साँस |
| टाँग | बाँध | धुआँ | काँप |
| मँहगाई | अँगूठा | आँगन | साँप |

## 16. राष्ट्रीय पर्व

भारत के यह तीन राष्ट्रीय त्योहार हैं।

- गणतंत्र दिवस
- स्वतंत्रता दिवस
- गांधी जयंती

## 17. धार्मिक पर्व

धार्मिक त्योहार उत्सव के साथ लोगों के धार्मिक संघ को दर्शाता है। प्रमुख धार्मिक उत्सवों में से है:-

| | | |
|---|---|---|
| होली | रक्षा बंधन | दीपावली |
| कृष्ण जन्माष्टमी | दुर्गा पूजा | दशहरा |
| महा शिवरात्रि | ईद | क्रिसमस |
| ईस्टर | बुद्ध पूर्णिमा | गुरुपर्व |

## 18. ऋतुओं से जुड़े त्योहार

मौसमी और फसल का त्योहार फसलों की कटाई और मौसम के परिवर्तन को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख और फसल त्योहारों में से है:-

| | |
|---|---|
| वसंत पंचमी | पोंगल |
| मकर संक्रांति | लोहड़ी |
| ओणम | बैसाखी |

## 19. संज्ञा

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।

जैसे- शिवानी, ताजमहल, घबराहट आदि।

**संज्ञा के तीन भेद हैं:-**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा- भारत, दिल्ली, महात्मा गाँधी, कल्पना चावला, रामायण, गीता आदि।
2. जातिवाचक संज्ञा- मोटर साइकिल, कार, पहाड़, तालाब, गाँव, लड़का, लड़की, घोड़ा, शेर।
3. भाववाचक संज्ञा- मिठास, खटास, हरियाली, सुख, बुढ़ापा।

## 20. सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे:- मैं, तू, वह, आप, यह, वे, ये, हम, तुम, कुछ, कौन, क्या, जो, सो, उसका आदि सर्वनाम शब्द हैं।

## 21. विशेषण

जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते हैं वे 'विशेषण' कहलाते हैं। जैसे- सुंदर, मोटा, गोल, चार, कुछ भारी आदि।

**विशेषण के चार भेद हैं-**

1. गुणवाचक विशेषण - छायादार पेड़, मोटा हाथी, वीर सैनिक, लाल कमीज़
2. संख्यावाचक विशेषण - कुछ आम, तीन पुस्तकें, अनेक पक्षी, दो लोग
3. परिमाणवाचक विशेषण - जग में दो किलो दूध रखा है, तीन मीटर कपड़ा दे दीजिए, कुछ चावल दे दीजिए, थोड़ा पानी पिला दीजिए।
4. सार्वनामिक विशेषण - ये फूल पूजा के लिए हैं, वह कुत्ता मोहित का है, वे तारे आकाश में सुंदर लगते हैं, यह लड़की खिलौने से खेल रही है।

# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली
# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022

## नमूना प्रश्न-पत्र

### कक्षा-चौथी

**अधिकतम अंक-100** **समयावधि-एक घंटा**

प्रतियोगी का नामः ..............................................................................

पिता/संरक्षक का नामः ........................................................................

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षरः ..................................................................

**समान्य निर्देश-**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल पच्चीस प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित हैं।
3. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय हैं।
4. सही उत्तर का गोला भरने पर चार अंक मिलेंगे तथा एक से अधिक गोला भरने या गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा।

1.'शुद्ध' शब्द छाँटिए।

क) पोधा ख) पौधा

ग) पौदा घ) पैधा

2. कौन-सा शब्द शुद्ध है?

क) जनम ख) आन्नद

ग) निचे घ) सुंदर

3. 'सुर' शब्द का विलोम है–

क) देवता　　　　ख) मनुष्य

ग) असुर　　　　घ) पशु

4. 'नारी' शब्द का बहुवचन है–

क) नारियाँ　　　　ख) नारीयाँ

ग) नॉरियाँ　　　　घ) नारियें

5. बीस के बाद कौन-सी संख्या आती है?

क) इक्कीस　　　　ख) उन्नीस

ग) उनतीस　　　　घ) तेईस

6. 'छ' वर्ण कौन-से वर्ग का है?

क) 'क' वर्ग　　　　ख) 'ट' वर्ग

ग) 'च' वर्ग　　　　घ) अन्य

7. 'श्र' में कौन-कौन से वर्ण हैं?

क) क् + ष　　　　ख) श् + र

ग) ज + ञ्　　　　घ) त् + र

8. 'क्ष' कौन-सा व्यंजन है?

क) अंत:स्थ　　　　ख) ऊष्म

ग) संयुक्त　　　　घ) अन्य कोई

9. 'ए' स्वर की मात्रा कौन-सी है?

क) ( ं )　　　　ख) ( ँ )

ग) ( े )　　　　घ) ( ौ )

10. '<u>अध्यापक</u> पढ़ा रहे हैं।' रेखांकित शब्द कौन-सी संज्ञा है?

क) जातिवाचक　　　　ख) व्यक्तिवाचक

ग) भाववाचक　　　　घ) अन्य कोई

11. 'सर्वनाम' किसके स्थान पर आता है?

क) संज्ञा ख) विशेषण

ग) क्रिया घ) सभी जगह

12. 'मैं' और 'हमारा' सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

क) दूसरे के लिए ख) सबके लिए

ग) अपने लिए घ) अन्य कोई

13. 'च' वर्ग से नहीं है–

क) त ख) छ

ग) ज घ) च

14. किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को कहते हैं–

क) सर्वनाम ख) संज्ञा

ग) विशेषण घ) विशेष्य

15. 'फल मीठे हैं।'- इस वाक्य में कौन-सा 'विशेषण' है?

क) गुणवाचक ख) परिमाणवाचक

ग) सार्वनामिक घ) संख्यावाचक

16. हिमालय पर्वत कैसा है-

क) ऊँचा ख) विशाल

ग) हरा-भरा घ) सभी गुण

17. 'जल' का दूसरा नाम है-

क) नीर ख) नारी

ग) नर घ) नदी

18. 'आज आकाश नीला है।' रेखांकित शब्द का दूसरा नाम क्या है?

क) पृथ्वी ख) नभ

ग) आग घ) बाण

19. सूर्य किस दिशा में अस्त होता है?

क) दक्षिण में　　　　ख) पूर्व में

ग) पश्चिम में　　　　घ) उत्तर में

20. 'पूजा करने वाले' के लिए एक शब्द बताइए।

क) पुजारी　　　　ख) सैनिक

ग) बढ़ई　　　　घ) चिकित्सक

21. 'ऋ' से बना सही शब्द कौन-सा है?

क) पृथ्वी　　　　ख) प्रश्न

ग) दोनों　　　　घ) अन्य कोई

22. 'चंद्रबिंदु' वाला सही शब्द है-

क) चँदा　　　　ख) चान्द

ग) चाँद　　　　घ) अन्य कोई

23. अनुस्वार का सही चिह्न है-

क) ( ँ )　　　　ख) ( ः )

ग) ( ॅ )　　　　घ) ( ं )

24. अंक 7 के लिए उचित शब्द है–

क) साथ　　　　ख) शात

ग) सात　　　　घ) साठ

25. 'महाराणा प्रताप' में कौन-सी संज्ञा है?

क) जातिवाचक　　　　ख) व्यक्तिवाचक

ग) भाववाचक　　　　घ) अन्य कोई

## उत्तर-संकेत

1. ख
2. घ
3. ग
4. क
5. क
6. ग
7. ख
8. ग
9. ग
10. क
11. क
12. ग
13. क
14. ख
15. क
16. घ
17. क
18. ख
19. ग
20. क
21. क
22. ग
23. घ
24. ग
25. ख

**ध्यान दें**–इस अभ्यास-पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर सूचित करने की कृपा करें।